Seventeenth Loksabha

>

Title: Demand for a convention centre at NSIC ground at Rajkot, Gujarat.

श्री मोहनभाई कुंदरिया (राजकोट): महोदय, मैं आपका ध्यान सौराष्ट्र क्षेत्र के राजकोट शहर की ओर दिलाना चाहता हूं । राजकोट शहर सौराष्ट्र क्षेत्र का मुख्य इंडस्ट्रियल एरिया है और गुजरात की 35 प्रतिशत जनसंख्या कार्य करती है । गुजरात के अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा राजकोट एक औद्योगिक नगरी है और ऑटो मोबाइल, ज्वैलरी, टाइल्स, घड़ियों व फूड प्रोसेसिंग में मुख्यत: अग्रणी भूमिका निभाती है । इस क्षेत्र में वाइल्ड लाइफ का मुख्य गिर वन और ऐतिहासिक सोमनाथ द्वारकाधीश मंदिर है । यह क्षेत्र अपने उपरोक्त कार्यों के कारण सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है । इस क्षेत्र में कार्यकलाप, बिजनेस मीटिंग व धार्मिक गतिविधियां भी दिनों-दिन बढ़ती जा रही हैं ।

मान्यवर, मैं उपरोक्त गतिविधियों के लिए आपके माध्यम से एक कन्वेंशन सेंटर व सेमिनार हॉल का निर्माण करवाने का अनुरोध करता हूं, जो उपरोक्त सभी कार्यों को निर्देश देने में अग्रणी भूमिका निभाएगा । इस कन्वेंशन सेंटर का निर्माण NSIC ग्राउंड में करवाया जा सकता है । यह कन्वेंशन सेंटर ऑडीटोरियम, पुस्तकालय, एग्जिबिशन हॉल व फूड कोर्ट आदि की सुविधाओं से परिपूर्ण हो । अंत में आपसे पुन: अनुरोध करना चाहता हूं कि इस मामले में हस्तक्षेप करें और गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में उक्त मांगों को पूरा करने पर विचार करने का कष्ट करें ।

माननीय अध्यक्ष : श्री सी.पी. जोशी को श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।